Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to enquire the reported leakage of examination papers in Uttar Pradesh.

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): सभापति महोदय, आपने मुझे एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा यहां उठाने का मौका दिया है। …(व्यवधान) सर, अगर पहले हाउस ऑर्डर में करवा दें, ये महंगाई पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। इनको जरा कहिए कि हाउस ऑर्डर में कर लें। ये महंगाई पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। …(व्यवधान)

सभापति महोदय, आप जानते हैं कि उत्तर प्रदेश के अंदर पिछले दिनों पेपर लीक हुआ। जो बोर्ड की परीक्षाएँ हैं, उसका 12वीं का इंग्लिश का पेपर लिखा हुआ। …(व्यवधान) पिछले पाँच सालों में उत्तर प्रदेश के अंदर 18 पेपर्स लीक हुए हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। …(व्यवधान) मेरी आपके माध्यम से यह मांग है कि इसकी एक स्पेशल जाँच कराई जाए। पेपर लीक के जो माफिया हैं, उनको राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है और जो व्हिसल ब्लोअर्स हैं, उनके ऊपर कार्रवाई की जा रही है।…(व्यवधान) उत्तर प्रदेश के अंदर बलिया में जो परीक्षा लीक हुई, वहां पर एक मीडिया वाले, दो जर्नलिस्ट्स के ऊपर कार्रवाई की गई है। …(व्यवधान)

उनको जेल भेजा गया है, जबकि जो असली नकल माफिया है, उसके ऊपर कार्रवाई नहीं हो रही है, विसल ब्लोअर्स के ऊपर कार्रवाई हो रही है। … (व्यवधान) पत्रकारों का उत्पीड़न इस देश में लगातार हो रहा है। … (व्यवधान) कल दिल्ली के अंदर भी हुआ और उत्तर प्रदेश के अंदर भी हुआ।… (व्यवधान) मैं आपके माध्यम से चाहता हूँ कि सरकार को इसकी जांच करनी चाहिए। … (व्यवधान)

کنور دانش علی (امروہہ): محترم چیرمین صاحب، آپ نے مجھے ایک بہت اہم مُدعہ اُٹھانے کا موقع دیا (مداخلت) جناد

چیرمین صاحب، آپ جانتے ہیں کہ اتر پردیش کے اندرپچھلے دنوں پیپر لیک ہوگا۔ جو بورڈ کے امتحانات

माननीय सभापति: आपका नंबर नहीं है।

श्री प्रदीप कुमार सिंह – उपस्थित नहीं।

एडवोकेट डीन कुरियाकोस - … (व्यवधान)